एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



# कहानी के आधार पर फिल्म का चयन करते हैं ऋतिक

बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रौशन का कहना है कि वह कहानी के आधार पर फिल्मों का चयन करते हैं। ऋतिक रोशन के लिए यह साल बहुत खास रहा। ऋतिक की इस वर्ष सुपर ३० और 'वॉर' जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी। ऋतिक ने अपने फिल्मों के चयन को लेकर बात की। उनका कहना है कि वह फिल्म के सेलेक्शन के वक्त वह उसकी कहानी पर ज्यादा जोर देते हैं, न की उसके एक्शन सीचें'स पर।

ऋतिक ने कहा, मैं स्क्रिप्ट में इंटेलिजेंस ढूंढता हूं। एक आम अप्रोच होना जरूरी है। कोई भी कहानी सिर्फ बहादुरी पर नहीं बनाई जा सकती। आजकल की एक्शन फिल्में सिर्फ हीरो ने विलेन को हराया तक रह गई है। लेकिन यह काफी नहीं। मुझे दो हीरो वाली फिल्मों से भी दिक्कत नहीं है। लेकिन कहानी का अच्छा होना जरूरी है। कारों का ब्लास्ट होना या फिल्म में मारपीट होना, मेरे लिए ये एक्शन नहीं है। इसके पीछे की कहानी दिलचस्प होनी चाहिए।

अपने प्रोड्यूसर बनने के सवाल पर ऋतिक बताते हैं कि हां मेरा प्रोडक्शन हाउस इस वक्त एक अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में है। मेरी टीम इन दिनों कई स्क्रिप्ट्स पढ़ रही है। मुझे नहीं पता इन फिल्मों में मैं काम करूंगा या नहीं, या शायद एक छोटा सा रोल करूं। लेकिन हम चाहते हैं जो भी फिल्म बनाई जाए उसके कंटेंट में जान हो। वह लोगों को प्रभावित करे।

# सिंगल्स एंथम रश्मिका मंदाना को झूमने पर कर रहा मजबूर

आगामी तेलुगू रोमांटिक कॉमेडी फिल्म भीष्म का गाना सिंगल्स एंथम जारी हो चुका है और फिल्म की मुख्य अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इस पर हैप्पी डांस कर रही हैं। गाने के लिंक के साथ अभिनेत्री ने शुक्रवार की शाम को ट्वीट किया, मुझे नहीं पता ऐसा क्यों हो रहा है, लेकिन यह गाना मुझे खुशी से झूमने पर मजबूर कर रहा है। शायद इसलिए क्योंकि यह सिंगल्स के लिए है।

फिल्म के अभिनेता नितिन ने भी गाने का लिंक साझा करते हुए लिखा, ये रहा! भीष्म का पहला गाना!! उम्मीद है आप सबको पसंद आएगा हैशटैगसिंगल्सएंथम हैशटैगभीष्मसिंगलफॉरेवर।

# लौव हैं विनम्र और जोश से भरपूर इंसान : अकासा

गायिका अकासा सिंह का कहना है कि अमेरिकी गायक-गीतकार लौव प्रतिभावान होने के अलावा काफी विनम्र इंसान हैं। अकासा ने खींच मेरी फोटो और ठग रांझा जैसे गाने गाए हैं। उन्हें फिल्म गुड न्यूज के गाने दिल न जानेया में लौव के साथ काम करने का मौका मिला। रोचक कोहली और लौव द्वारा कंपोज्ड गाने को रोचक, लौव और अकासा ने मिल कर गाया है। गाने की लिरिक्स गुरप्रीत साइनी, एरि लेफ और मिशेल पोलाक ने लिखा है और संगीत लौव, जॉनी सिंपसन और रोचक ने दी है।

अकासा ने कहा, मुझे संकेत मिला था कि इस गाने में लौव भी साथ दे सकते हैं, लेकिन कुछ स्पष्ट नहीं था। संयोग से मैंने इस साल की शुरुआत में लौव से मुलाकात की और उनका साक्षात्कार लिया था, जब वह फ्लाई म्यूजिक फेस्टिवल के लिए मुंबई आए थे। मैं कॉन्सर्ट में भी गई थी, क्योंकि मैं हमेशा उनके काम और उनकी प्रतिभा की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। रोचक और लौव के साथ काम करना मेरे लिए सपने जैसा था।

वहीं लौव के साथ काम करने को लेकर अकासा ने कहा, मेरे ख्याल से लौव ने इस गाने में काफी ऊर्जा और जुनून भर गिया है और यहां तक कि मैं अब तक जितने भी वैश्विक कलाकारों से मिली हूं उनमें से वह काफी अच्छे हैं। प्रतिभावान होने के अलावा वह काफी विनम्र और जोश से भरपूर इंसान हैं।

# मुझे वहां नहीं पहुंचना जहां लगे, मुकाम मिल गया : नित्या मेनन

अभिनेत्री नित्या मेनन ने अपने अब तक के फिल्मी करियर में मलयालम, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू भाषा में कई हिट फिल्में दी हैं। उन्होंने इसी साल रिलीज हुई हिंदी फिल्म मिशन मंगल से बॉलीवुड में भी शुरुआत की है।

नित्या का कहना है कि एक कलाकार के तौर पर वह हमेशा यह महसूस करती हैं कि वह नई हैं और ऐसी जगह नहीं पहुंचना चाहती हैं, जहां उन्हें लगे कि उन्होंने इंडस्ट्री में अपना मुकाम हासिल कर लिया है।

उन्हें मेर्सल, 24, ओ कधल कणमणि, मल्ली मल्ली ईदी रानी रोजु और गुंडे जारी गल्लनथाययिंदे जैसी कई सारी फिल्मों के लिए या तो नामांकित किया गया है या पुरस्कार दिया गया है। अभी तक उन्हें प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया गया है और उन्हें इसका कोई पछतावा भी नहीं है।

नित्या ने बताया, मुझे लगता है कि यह चीजों को और रोमांचक बनाता है। एक कलाकार के तौर पर मैं हमेशा महसूस करती हूं कि मैं आज भी नई हूं। मुझे नहीं लगता कि कभी ऐसे स्थान पर पहुंचना चाहिए जहां मुझे लगे कि मैं मुकाम पर पहुंच गई हूं और अब सब कुछ मेरे लिए संपन्न हो गया है।



उन्होंने आगे कहा, मैं चाहती हूं कि यह (राष्ट्रीय पुरस्कार) वाकई किसी बहुत अच्छी फिल्म के लिए मिले। जब राष्ट्रीय पुरस्कार की बात आती है तो शायद फिल्म की शैली या इस तरह की चीजें बहुत मायने रखती हैं। अभी तक राष्ट्रीय पुरस्कार नहीं मिलने का कोई पछतावा नहीं है, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि मेरा करियर अब खत्म हो गया है और मुझे इसकी चिंता होनी चाहिए।

नित्या नई-नई चीजों को करने की कोशिश कर रही हैं। इस साल उन्होंने दक्षिण भारतीय फिल्मों के दायरे से निकलकर मल्टी स्टारर फिल्म मिशन मंगल से बॉलीवुड में कदम रखा और उनकी यह डेब्यू फिल्म हिट रही।

अभिनय के अलावा, उन्होंने इस साल हॉलीवुड की एनिमेटेड फिल्म फ्रोजन 2 के तेलुगू संस्करण में अपनी आवाज भी दी।

उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक अच्छा अनुभव रहा। मुझे इसमें मजा आया। सामान्यत: डबिंग एक ऐसी चीज है जिसकी मैं कभी ज्यादा शौकीन नहीं रही हूं, मुझे यह थोड़ा लगता है, तो मैं इसे लेकर चिंतित थी कि सबकुछ कैसे होगा, लेकिन आखिरकार मुझे मजा आया।

# इस वर्ष शादी करेंगे साउथ के सुपरस्टार प्रभास ?

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार प्रभास अपनी ऐक्टिंग के दम पर लोगों के दिलों पर राज करते हैं। बाहुबली फ्रेंचाइजी के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उनकी फैन फॉलोइंग बढ़ी है। ४० वर्षीय ऐक्टर प्रभास इस वकेशन पर हैं। वकेशन से आने के बाद वह अपनी अगली फिल्म जान के लिए काम करेंगे। इस फिल्म में उनके साथ पूजा हेगड़े नजर आएंगी। बड़े बजट की इस फिल्म का पहला शेड्यूल इटली में पूरा हो चुका है। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि प्रभास इस फिल्म को करने के बाद शादी करने जा रहे हैं।

प्रभास की शादी की खबरें पिछले कई महीनों से चर्चा का विषय बनी हुई है। इससे पहले यह खबर सुर्खियों में छाई रही कि प्रभास अपनी फिल्म साहो के रिलीज होने के बाद शादी कर लेंगे लेकिन इस तरह के



कयासों पर कोई मुहर नहीं लग पाई।

अब एक बार फिर ऐसी खबरें आ रही हैं कि प्रभास अपनी अगली फिल्म जान के रिलीज होने के बाद शादी करने जा रहे हैं। एक तेलुगु समाचार पोर्टल से बात करते हुए प्रभास की आंटी श्यामला देवी ने कहा कि हम सभी उसकी शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमारा बहुत बड़ा परिवार है और हम सही लड़की की तलाश कर रहे हैं जो हमारे साथ घुलमिल जाए।

बता दें कि प्रभास की आखिरी बार फिल्म साहो में नजर आए थे। इस फिल्म में प्रभास के साथ श्रद्धा कपूर, नील नितिन मुकेश, अर्जुन विजय, मंदिरा बेदी भी प्रमुख भूमिका में थे। बताते चलें कि प्रभासका नाम अनुष्का शेट्टी से जुड़ने को लेकर कई खबरें आई हैं लेकिन दोनों स्टार्स की तरफ से कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

# पंजाबी सिंगर की बायॉपिक में होंगे कार्तिक आर्यन ?

फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी की रिलीज के बाद से कार्तिक आर्यन की पॉप्युलैरिटी बढ़ गई है। धीरे-धीरे वह बॉक्स ऑफिस नंबर्स के भी किंग बनते जा रहे हैं। इस साल उनकी दो फिल्में लुका छिपी और पति पत्नी और वो रिलीज हुईं और दोनों बड़ी हिट साबित हुईं।

अगले साल भी उनके पास कई इंट्रेस्टिंग प्रॉजेक्ट्स हैं। इनमें लव आज कल 2, दोस्ताना 2 और भूल भुलैया 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब एक हालिया रिपोर्ट की मानें तो कार्तिक दिवंगत पंजाबी सिंगर अमर सिंह चमकीला की बायॉपिक में नजर आ सकते हैं।

कहा जा रहा है कि इस फिल्म को इम्तियाज अली प्रड्यूस करेंगे और इसका निर्देशन इम्तियाज के भाई साजिद अली करेंगे जिन्होंने लैला मजनू का डायरेक्शन



किया था। अगर ऐसा होता है कि यह दूसरा प्रॉजेक्ट होगा जिसके लिए इम्तियाज और कार्तिक एकसाथ आएंगे। लव आज कल 2 का डायरेक्शन भी इम्तियाज कर रहे हैं। अब तक कार्तिक को रोमांटिक कॉमिडी वाली फिल्मों में देखा गया है, ऐसे में यह रोल उनके लिए काफी अलग होगा।

बता दें, इससे पहले एक खबर सामने आई थी कि आयुष्मान खुराना को भी पंजाबी सिंगर की भूमिका निभाने के लिए अप्रोच किया गया है। बात करें अमर सिंह चमकीला की तो वह ८० के दशक के मशहूर सिंगर थे। 8 मार्च 1988 को अमर, उनकी पत्नी अमरजोत और उनके बैंड के दो मेंबर्स का बाइकसवारों ने मर्डर कर दिया था।